“नए संसद भवन के लिए निर्धारित स्थान पर मौजूद सभी सुविधाओं को समुचित रूप से वैकल्पिक स्थानों पर अंतरित किया जाए”: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में उच्चतम स्तर की स्वच्छता और साफ-सफाई रखे जाने पर ज़ोर दिया

…

लोक सभा अध्यक्ष ने संसदीय सौध में सदस्यों के लिए उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा की; बुनियादी सुविधाओं का समयबद्ध रूप से नवीकरण किए जाने पर ज़ोर दिया

...

नई दिल्ली, 7 नवम्बर 2020 : लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने नए संसद भवन के निर्माण कार्य की समीक्षा की। इस समीक्षा के दौरान, श्री बिरला ने संबंधित एजेंसियों को वर्तमान भवन के ऐतिहासिक स्वरूप को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के निदेश दिए और यह भी कहा कि नए संसद भवन के लिए निर्धारित स्थान पर मौजूद प्रतिमाओं और अन्य सुविधाओं को पूरी सावधानी से परिसर में ही किसी अन्य स्थान पर अंतरित किया जाए।

इस अवसर पर, श्री बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि संसद भवन में नियमित रूप से साफ-सफाई रखे जाने के साथ ही उच्चतम स्तर की स्वच्छता सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दी जाए।

इसके बाद, श्री बिरला ने संसदीय सौध में चिकित्सा केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। सचिवालय के अधिकारियों, के लो नि वि और केंद्र के डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों से बातचीत करने के बाद श्री बिरला ने निदेश दिए कि केंद्र में अच्छे से अच्छे डॉक्टरों की सेवाएँ, पर्याप्त जगह, आधुनिक मशीनें, कंप्यूटर और परिवहन सुविधा की व्यवस्था करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की जरूरत है। श्री बिरला ने यह भी कहा कि इस केंद्र से मांग किए जाने पर सदस्यों के घरों से सैंपल लेने के लिए उपाय किए जाएँ और सदस्यों की सहायता के लिए नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया जाए।

श्री बिरला ने संसद भवन परिसर में अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होने यह निदेश दिए कि बैठने की जगहों और सार्वजनिक उपयोग के स्थानों के नवीकरण के लिए पुरजोर प्रयास किए जाएँ।

श्री बिरला ने अधिकारियों को ये सभी कार्य शीघ्र करने के निर्देश दिए और कहा कि वह इसकी प्रगति की समीक्षा शीघ्र करेंगे।